त्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

अवध शिल्प ग्राम में गांधी जयंती का भव्य आयोजन

उत्तर प्रदेश को आगे बढ़ाने के लिये राज्यपाल ने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री का अभिनन्दन किया

बापू की स्वदेशी योजना को आगे बढ़ाने के लिये ‘एक जिला-एक उत्पाद’ योजना एक महत्वपूर्ण कड़ी - मुख्यमंत्री

लखनऊः 02 अक्टूबर, 2018

महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के अवसर पर राज्य सरकार द्वारा अवध शिल्प ग्राम में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री द्वय श्री केशव प्रसाद मौर्य एवं डॉ0 दिनेश शर्मा, महिला एवं परिवार कल्याण मंत्री प्रो0 रीता बहुगुणा जोशी, खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री श्री सत्यदेव पचैरी, खेल एवं कौशल विकास मंत्री श्री चेतन चैहान व मंत्रिमण्डल के अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।

राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने इस अवसर ‘एक जनपद-एक उत्पाद’ कार्यक्रम के अंतर्गत पांच विशिष्ट शिल्पकारों को अंग वस्त्र व टूल किट वितरित किये। ‘स्वच्छ भारत अभियान’ में अनुकरणीय योगदान करने वाले ग्रामीण क्षेत्र के 75 व्यक्तियों को एवं 15 स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समितियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ही ‘आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना’ के लाभार्थियों को गोल्ड कार्ड प्रदान किया गया। खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग द्वारा 30 लाभार्थियों को खादी से संबंधित ‘सोलर चरखे’ वितरित किये गये तथा खेल विभाग द्वारा एशियन गेम्स एवं कामन वेल्थ गेम्स के 62 पदक विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया।

राज्यपाल ने इस अवसर पर महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये कहा कि 4 वर्ष पूर्व जब उन्होंने उत्तर प्रदेश के राज्यपाल का पद संभाला था तो उनकी इच्छा थी कि उत्तर प्रदेश ‘उत्तम प्रदेश’ बने। उन्होंने कहा कि उन्हें प्रसन्नता है कि उत्तर प्रदेश अब ‘उत्तम प्रदेश’ बनने की राह पर अग्रसर है। उत्तर प्रदेश सबसे बड़ी आबादी वाला प्रदेश है, विश्व के केवल तीन ही देश आबादी की दृष्टि से उत्तर प्रदेश से बड़े हैं। उत्तर प्रदेश का विकास होगा तो देश का विकास होगा। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का उत्तर प्रदेश को आगे बढ़ाने के लिये अभिनन्दन भी किया।

श्री नाईक ने कहा कि महात्मा गांधी भारत के लिये एक वरदान थे जिन्होंने विश्व को दिखाया कि सत्य और अहिंसा के माध्यम से कैसे आजादी प्राप्त की जा सकती है। गांधी जी के अनुरूप देश का विकास हो, यही उनके प्रति सबसे बड़ी श्रद्धांजलि होगी। पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 लाल बहादुर शास्त्री सरलता और सादगी की प्रतिमूर्ति थे। राज्यपाल ने यह भी बताया कि गत दिनों उन्होंने एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के गृह जनपद रामनगर वाराणसी में उनके पैतृक आवास का संग्रहालय के रूप में उद्घाटन

किया है। घर को देखकर उनकी सादगी और सहजता का आभास होता है। आज के अवसर पर हमें महात्मा गांधी और स्व0 लाल बहादुर शास्त्री के विचारों को समझने का प्रयास करना चाहिये। उन्होंने कहा कि ऐसे महापुरूषों के विचार आज पहले से अधिक सार्थक एवं प्रासंगिक हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज के दिन देश के दो महान सपूतों की जयंती है। महात्मा गांधी की 150वीं जयंती पर केन्द्र और राज्य सरकार दो वर्ष तक चलने वाले कार्यक्रम का आयोजन करेंगी। राज्यपाल की प्रेरणा से अवध शिल्पग्राम में गत 24 जनवरी को 'उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस' मनाया गया जिसमें उत्तर प्रदेश की विशेषताओं को प्रस्तुत करने वाली महत्वकांक्षी योजना 'एक जिला-एक उत्पाद' का शुभारम्भ भी किया गया। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 लाल बहादुर शास्त्री की प्रेरणा से प्रेरित होकर प्रदेश को नई दिशा देने का प्रयास किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के अवसर पर उद्यमियों, शिल्पकारों और खेल जगत से जुड़े लोगों को सम्मानित किया गया है। बापू की स्वदेशी योजना को आगे बढ़ाने के लिये 'एक जिला-एक उत्पाद' योजना एक महत्वपूर्ण कड़ी है। राज्य सरकार ने निर्णय किया है कि खादी के उत्पाद का प्रयोग सम्मान व स्मृति चिन्ह के रूप में देकर खादी को बढ़ावा दिया जायेगा। स्वच्छ भारत के अंतर्गत राज्य सरकार खुले में शौच से मुक्ति के लिये युद्धस्तर पर कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री ने देश को 'आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना' जैसी महत्वपूर्ण योजना दी है। उन्होंने कहा कि ग्राम स्वावलम्बन को साकार करने के लिये सभी लोग मिलकर प्रयास करें।

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने स्वागत उद्बोधन दिया तथा उप मुख्यमंत्री डॉ0 दिनेश शर्मा ने भी अपनी बात रखी। धन्यवाद ज्ञापन मुख्य सचिव डॉ0 अनूप चन्द्र पाण्डेय द्वारा दिया गया। राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने दिव्यांग कलाकारों द्वारा बनायी गयी चित्रों की प्रदर्शनी का उदघाटन एवं अवलोकन किया। इस अवसर पर श्री प्रेम प्रकाश दुबे मुंबई द्वारा गांधी जी के प्रिय भजन भी प्रस्तुत किये गये।

अंजुम/ललित/राजभवन (382/7)

उत्तर प्रदेश सरकार

PREETI SHUKLA
FEMALE
PH3V9KDVW
UTTAR PRADESH
Helpline Number : 14555 / 1800 111 565
For Details visit: pmjay.gov.in
स्वास्थ्य आपका, साथ हमारा
स्वास्थ्य आपका, साथ हमारा

राम नाईक

AFTER TALKS WITH VICEROY
WITH CRIPPS
QUIT INDIA RESOLUTION